भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न सं0 574

04 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

ओडिशा में पीएमएवाई

574. श्री महेश साहूः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत दो वित्त वर्षों के दौरान ओडिशा में प्रधान मंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जिला-वार कितने आवासों का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या उक्त योजना ओडिशा में गत दो वित्त वर्षों के दौरान अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त योजना की प्रगति वांछित गति के अनुसार चल रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत पिछले दो राजकोषीय वर्षों (2018-19 और 2019-20) के दौरान 60,659 आवास निर्मित किए गए, जिनका जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख)और(ग): जून, 2015 को पीएमएवाई-यू के आरंभ से ओडिशा राज्य में अब तक 1,73,476 आवास स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत आवासों में से 1,19,243 आवास निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 79,126 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। इस स्कीम के तहत सभी स्वीकृत आवासों को पीएमएवाई-यू की मिशन अवधि अर्थात् वर्ष 2022 तक पूरा किया जाना है।

दिनांक 04-02-2021 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 574 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

ओडिशा राज्य में पीएमएवाई-यू के तहत पिछले दो राजकोषीय वर्षों (राजकोषीय वर्ष 2018-19 और राजकोषीय वर्ष 2019-20) के दौरान निर्मित किए गए आवासों का जिला-वार विवरण

क्रम सं.	जिले का नाम	पिछले दो राजकोषीय वर्षों (राजकोषीय वर्ष 2018-19 और राजकोषीय वर्ष 2019-20) के दौरान निर्मित आवास (सं.)
1	अंगुल	2,776
2	बोलानगीर	960
3	बालेश्वर	2,486
4	बरगढ़	2,223
5	बौध	415
6	भद्रक	3,806
7	कटक	3,747
8	देवगढ़	608
9	ढेंकनाल	2,730
10	गजपति	637
11	गंजाम	7,883
12	जगतसिंहपुर	1,035
13	जाजापुर	1,156
14	झारसुगुड़ा	1,168
15	कालाहांडी	1,313
16	कंधमाल	1,796
17	केंद्रपाड़ा	1,581
18	केंदुझार	2,264
19	खोरधा	4,320
20	कोरापुट	2,614
21	मलकानगिरी	253
22	मयूरभंज	3,131
23	नबरंगपुर	1,210
24	नयागढ़	1,579
25	नुआपाड़ा	1,203
26	पुरी	1,282
27	रायगडा	774
28	संबलपुर	2,207
29	सुबरनपुर	1,181
30	सुंदरगढ़	2,321
	कुल योग	**60,659**